राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (डी–254) अलेसे– I/3431 दिनांकः–25/04/2024

## आदेश

विभागीय आदेश संख्या 89/2023–24 दिनांक 22.02.2024 द्वारा श्री संजय विश्नोई, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। (लिंक नं0 5708) का स्थानान्तरण कार्यालय मुख्य अभियंता (उत्तर), जल संसाधन विभाग, हनुमानगढ़ से कार्यालय उपवन संरक्षक, हनुमानगढ़ में श्री दिनेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। के स्थान पर किया गया था, जिसकी पालना में श्री संजय विश्नोई द्वारा दिनांक 26.02.2024 को कार्यग्रहण किया गया। उक्त कार्यालय में पूर्व से पदस्थापित कार्मिक श्री दिनेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। ने अपने स्थानान्तरण आदेश संख्या 89/2023–24 दिनांक 22.02.2024 के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 1098/2024 दायर कर दिनांक 21.03.2024 को स्थगन आदेश प्राप्त करने के कारण श्री संजय विश्नोई, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। का वेतन आहरण नहीं हुआ है।

अतः श्री संजय विश्नोई, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। का वेतन भुगतान कार्यालय मुख्य अभियंता (उत्तर), जल संसाधन विभाग, हनुमानगढ़ में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। के रिक्त पद से अग्रिम आदेशों तक आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(भूपेश माथुर)

निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.2 (क) (डी–254) अलेसे– I/3431 दिनांकः–25/04/2024

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. मुख्य अभियंता (उत्तर), जल संसाधन विभाग, हनुमानगढ़।
2. उपवन संरक्षक, हनुमानगढ़।
3. कोषाधिकारी, हनुमानगढ़।
4. श्री संजय विश्नोई, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।, कार्यालय उपवन संरक्षक, हनुमानगढ़।
5. उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
7. निजी पत्रावली।

(राजेन्द्र प्रसाद रैगर)

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)